विराट वैभव
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 सितम्बर 2020

साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2021 के लिए पुस्तकें आमंत्रित

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

साहित्य अकादेमी वर्ष 2021 के युवा पुरस्कार के लिए 24 भाषाओं में युवा भारतीय लेखकों एवं प्रकाशकों की पुस्तकों को आमंत्रित करती है। आवेदक लेखक की उम्र 1 जनवरी 2021 को 35 वर्ष अथवा उससे कम होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2020 है। पुस्तकों के साथ लेखक को जन्म-प्रमाण पत्र तथा अपनी शैक्षणिक योग्यता की एक प्रति वर्ग राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत रुप से सत्यापित कर शपथ पत्र के साथ जमा करनी होगी। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी साहित्य अकादेमी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। साहित्य अकादेमी ने वर्ष 2011 से भारतीय भाषाओं में 35 वर्ष अथवा उससे कम उम्र के युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा पुरस्कार प्रारंभ किया था। युवा लेखकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए ये पुरस्कार मान्यता प्रदत्त भाषाओं में दिए गए हैं। असमिया, बाङ्ला, बोडो, डोगरी, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, पंजाबी, राजस्थानी, संताली, संस्कृत, सिंधी, तेलुगु तथा उर्दू में युवा भारतीय लेखकों द्वारा रचित श्रेष्ठ कृतियों को प्रतिवर्ष युवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है।